**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Need to install mobile towers to strengthen internet connectivity and telecommunication in Naxal- affected areas of Jamshedpur Parliamentary Constituency, Jharkhand-Laid.

**श्री बिद्‌युत बरन महतो (जमशेदपुर):** मैं सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ । जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत नक्सल प्रभावित ग्रामीण सुदूरवर्ती क्षेत्रों में संचार व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए इंटरनेट कनेक्टविटी एवं मोबाइल टावरों की स्थापना हेतु मैं 2-3 वर्षों से लगातार प्रयास कर रहा हूँ परन्तु अभी तक सफलता नही मिल पायी है, जिसके कारण घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के झाँटीझरणा, गुडाबांधा, हडियानमजियान, बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के चाकुलिया प्रखंड के अंतर्गत बुडीकानपुर, फलदोहा, दक्षिणासोल, जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के पटमदा प्रखंड अंतर्गत जुडिसा, हुडुमबिल, बोडाम, लाचलम, मुकरूडीह, भुईया सिनान एवं पोटका विधानसभा क्षेत्र के डुमुरिया प्रखंड अंतर्गत केन्दुआ, भंगबांधडीह, कवाली के ग्रामीण इलाको में इंटरनेट कनेक्टविटी एवं मोबाईल टावर नहीं रहने के कारण लगभग 74 हजार प्रधानमंत्री आवास योजना ऑनलाईन नहीं होने के कारण स्वीकृत नहीं हो पाया एवं जनवितरण प्रणाली की दुकानों पर राशन लाभार्थियों को मशीन का बटन नहीं दबने के कारण राशन लेने में, साथ ही यहाँ के लोग बात करने के लिए मोबाईल में भी टावर नहीं होने पर पेड़ों पर चढ़कर बात किया करते है । उपरोक्त स्थानों पर आज के डिजिटल इंडिया के युग में नेटवर्क एवं मोबाइल टावर नहीं होने के कारण जनता को नाना प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है । अतः मैं गृह एवं संचार मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध करता हूँ कि उक्त स्थानों पर संचार व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए इंटरनेट कनेक्टविटी एवं मोबाइल टावरों की स्थापना करने की कृपा की जाय ।